तापमान

भोपाल	24.0°	30.0°
इंदौर	23.0°	29.0°
जबलपुर	23.0°	27.0°
ग्वालियर	27.0°	33.0°
सागर	24.0°	30.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 264, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल एकादशी संवत् 2083
रविवार, 23 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... किसानों को फार्मर आईडी बनवाने सरकारी दल ...

खेल... स्टार्क का कहर, मैकाय टेस्ट के पहले दिन गिरे 18 विकेट...

व्यापार... टाटा हैरियर ईवी ने बदला बाजार का रुख पेट्रोल-...

देश-विदेश... सांसद कंगना रनौत ने खुद को बताया जेन-...

खास-खबरें

विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

नईदुनिया ब्यूरो, गोरखपुरः गोरखपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2381 की लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा जमीन से टकरा गया। घटना 19 अगस्त की है। विमान में क्रू सदस्यों समेत 178 लोग सवार थे। टेल के रनवे से टकराने के बाद पायलट ने विमान को दोबारा हवा में ले जाकर एटीसी की अनुमति के बाद सुरक्षित लैंडिंग कराई। जांच में विमान के पिछले हिस्से में ऑक्सिलरी पावर यूनिट के पास खरोंच के निशान मिले। विमान को तकनीकी जांच और मरम्मत के लिए अस्थायी रूप से सेवा से हटा दिया गया है।

बिजली गुल होने से आयुर्वेदिक पीजी परीक्षा रद्द

नईदुनिया ब्यूरो, जयपुरः जयपुर में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित आयुर्वेदिक पीजी प्रवेश परीक्षा के दौरान तकनीकी समस्या आने से परीक्षा रद्द कर दी गई। शनिवार सुबह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सत्य साईं पीजी कॉलेज केंद्र पर परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने से कुछ अभ्यर्थियों के कंप्यूटर बंद हो गए। घटना के बाद अभ्यर्थियों ने केंद्र के बाहर हंगामा किया। एनटीए ने तकनीकी खराबी के कारण परीक्षा नहीं दे पाने वाले 49 अभ्यर्थियों के लिए 1 सितंबर को दोबारा परीक्षा कराने की घोषणा की है। यह परीक्षा जयपुर के राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर विमेन केंद्र पर आयोजित होगी।

ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में घुसी बस, पांच लोगों की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, बेतियाः बिहार के बेतिया जिले में शुक्रवार रात तेज रफ्तार बस सड़क किनारे चल रहे ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में घुस गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घटना लौरिया थाना क्षेत्र के पराउ टोला बनकटवा के पास बेतिया-लौरिया मुख्य मार्ग पर हुई। हादसे के समय बस में 15 यात्री सवार थे। मृतकों की पहचान बहादुर महतो, संजय कुमार, भोला दुबे, देवेंद्र दुबे और छांगुर राम के रूप में हुई है। बताया गया कि देवेंद्र दुबे के बेटे की छठी के कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा चल रहा था, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। हादसे के बाद लोगों ने बस और ट्रक में तोड़फोड़ की। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

नई भाजपा कार्यकारिणी से मिले प्रधानमंत्री मोदी

जेन-जी से संवाद बढ़ाने भाजपा ने बनाई पाँच सदस्यीय टीम

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे और पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से मुलाकात की। यह नई टीम के गठन के बाद प्रधानमंत्री की पदाधिकारियों के साथ पहली बैठक थी। प्रधानमंत्री ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी के साथियों के साथ बैठक अच्छी रही। ऐसी बैठकें पार्टी को मजबूत करने और जनता से जुड़ाव पर गहराई से विचार करने का मंच होती हैं। इससे पहले सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी नए पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को नितिन नवीन की अध्यक्षता में 65 सदस्यीय नई राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी, संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में कांग्रेस के कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के केवल दो पद गाने के फैसले के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित किया गया। भाजपा ने इस निर्णय की निंदा करते हुए वंदे मातरम के इतिहास और महत्व को युवाओं तक पहुंचाने के लिए देशभर में जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया। भाजपा की नई टीम 'युवा संवाद' अभियान के माध्यम से 14 से 25 वर्ष के युवाओं से संपर्क करेगी। अभियान के तहत युवाओं की सोच, समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया जाएगा। युवाओं को भाजपा नेताओं से सीधे संवाद और सवाल पूछने का अवसर भी मिलेगा। वर्ष 2027 में कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए राजनीतिक दल युवा मतदाताओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। भाजपा का लक्ष्य जेन-जी के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें संगठन और विचारधारा से जोड़ना है।

युवा मतदाताओं से जुड़ने विशेष टीम का गठन

भारतीय जनता पार्टी ने जेन-जी यानी युवा मतदाताओं से जुड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया है। इस टीम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े समेत गुजरात के मंत्री हर्ष सांघवी और छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश की संभावनाओं से कराया अवगत

चुनौतियों को अवसर में बदलकर एमपी बना तेज गति से प्रगति करने वाला राज्यः डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब देश में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि कभी प्रदेश पर बीमारू राज्य का टैग लगा था, लेकिन चुनौतियों को अवसर में बदलकर मध्यप्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित इकॉनामिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2026 में मध्यप्रदेश सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश में असीम संभावनाएं और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सौर और पवन ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा आधारित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, खाद्य प्रसंस्करण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बताईं। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सिंगल विंडो व्यवस्था, डिजिटल प्रक्रियाओं और समयबद्ध अनुमोदन के माध्यम से निवेशकों को सुविधा दे रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी, औद्योगिक अधोसंरचना और अनुकूल नीतियों के कारण मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश के लिए तैयार है।

सिख नेताओं का राहुल के घर के बाहर प्रदर्शन

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों और सिख नेताओं ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पुतला भी जलाया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस नेताओं की ओर से पूर्व पार्टी नेता सज्जन कुमार को हीरो और आदर्श बताने वाले बयान से नाराज थे। उन्होंने कांग्रेस से बयान वापस लेने और माफी मांगने की मांग की। सज्जन कुमार 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए गए थे। उनका गुरुवार को दिल्ली की तिहाड़ जेल में 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा और उदित राज के सज्जन कुमार को लेकर दिए गए बयानों के बाद सिख समाज में नाराजगी सामने आई है।

शॉर्ट सर्किट से हादसाः एनआईसीयू में आग से एक नवजात की मौत, तीन बच्चे झुलसे

सर्जन की सुविधा नहीं होने पर बच्चों को जबलपुर किया गया रेफर

नईदुनिया ब्यूरो, छिंदवाड़ाः छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में शुक्रवार रात आग लगने से एक नवजात की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे झुलस गए। घटना रात करीब 2 से 3 बजे के बीच हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एनआईसीयू में एक प्लग में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। आग उस डोली तक पहुंच गई, जिसमें तीन नवजात बच्चे रखे गए थे। तीनों बच्चों की उम्र 6 से 12 दिन के बीच बताई गई है। घटना के बाद बच्चों को प्राथमिक उपचार दिया गया और सुबह करीब 5 बजे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रास्ते में एक बच्ची की मौत हो गई। जिला अस्पताल में पीडियाट्रिक सर्जन उपलब्ध नहीं होने के कारण बच्चों को जबलपुर भेजा गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, आग केवल एक यूनिट तक सीमित रही। घटना के समय एनआईसीयू में 20 से अधिक नवजात और तीन स्टाफ सदस्य मौजूद थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल प्रबंधन आग लगने के कारणों और सुरक्षा इंतजामों की भी जांच कर रहा है।

कनाडा पर 50% अमेरिकी टैरिफ लागू

- प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी

वॉशिंगटन डीसी/ओटावा, एजेंसीः अमेरिका और कनाडा के बीच तीन दिन तक चली व्यापार समझौते की बातचीत बेनतीजा रहने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा के सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिया है। यह टैरिफ शनिवार आधी रात से प्रभावी हुआ।

अमेरिका ने कनाडा के करीब 20 अरब डॉलर के सामान पर यह शुल्क लगाया है, जो कनाडा से अमेरिका भेजे जाने वाले कुल सामान का लगभग पांच प्रतिशत है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच वॉशिंगटन डीसी में हुई वार्ता में समझौता नहीं हो सका। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि अमेरिका जितना टैरिफ लगाएगा, कनाडा भी उतना ही जवाब देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने बातचीत के अंतिम समय में अपनी शर्तों में बदलाव किया। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने कहा कि कनाडा ने बेहतर समझौते का अवसर गंवा दिया। दोनों देशों के बीच ऑटोमोबाइल, डेयरी उत्पाद, शराब और लकड़ी के व्यापार को लेकर लंबे समय से मतभेद हैं। अमेरिका का आरोप है कि कनाडा की व्यापार नीतियां अमेरिकी कंपनियों के हितों के खिलाफ हैं, जबकि कनाडा ने अमेरिकी शुल्कों में राहत की मांग की थी।

वाहन में विस्फोट, चार लोगों की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, कच्छः गुजरात के कच्छ जिले के कोटदा जादोदर क्षेत्र में शनिवार को लोडिंग वाहन में अचानक धमाका होने से चार लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज आसपास के दूरदराज इलाकों तक सुनाई दी। घटना के बाद लोडिंग वाहन का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे।

सख्ती | औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड की सिफारिशों के बाद केंद्र का निर्णय...

छोटे बच्चों को दो दवाएँ मिलाकर देने पर रोक

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सर्दी-जुकाम की दवाओं के एक निश्चित संयोजन के उपयोग पर रोक लगा दी है। सरकार ने क्लोरफेनिरामाइन मैलिएट और फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड युक्त सभी निश्चित खुराक संयोजन दवाओं को चार साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं देने का निर्देश जारी किया है। दवा कंपनियों को इन दवाओं के पैकेट, पैकेज जानकारी और प्रचार सामग्री पर स्पष्ट चेतावनी लिखने का निर्देश दिया गया है। चेतावनी में उल्लेख करना होगा कि इन दवाओं का उपयोग चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाना चाहिए। सरकार ने विशेषज्ञ समिति और औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड की सिफारिशों के बाद यह निर्णय लिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस संयोजन से छोटे बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं, जबकि सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं।

हिमाचल प्रदेश में बनीं 82 दवाओं के नमूने जांच में फेल

सोलनः हिमाचल प्रदेश में बनी 82 दवाओं के नमूने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की गुणवत्ता जांच में फेल पाए गए हैं। देशभर में जांच के दौरान 240 दवाओं के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। हिमाचल में फेल हुए 82 नमूनों में से 52 दवाएं बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र के उद्योगों में निर्मित हैं। दवाओं की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर बीबीएन फार्मा क्षेत्र पर सवाल उठे हैं। फेल दवाओं में हृदय रोग, बुखार, दर्द, बैक्टीरियल संक्रमण, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गैस-एसिडिटी, एनीमिया, एलर्जी और त्वचा रोग से संबंधित दवाएं शामिल हैं। इनमें टैबलेट, इंजेक्शन, सिरप, क्रीम और जैल भी शामिल हैं। सीडीएससीओ की जुलाई ड्रग अलर्ट रिपोर्ट में हिमाचल के बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ सहित कई क्षेत्रों में स्थित उद्योगों में निर्मित दवाओं को शामिल किया गया है।